AKSHANSH PUBLICATION

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड,
जयपुर द्वारा आयोजित

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

# पटवार

## भर्ती परीक्षा, 2025

राजस्थान का सामान्य ज्ञान | भारत का सामान्य ज्ञान | सामान्य अंग्रेज़ी एवं हिंदी

सामान्य विज्ञान, सामान्य कंप्यूटर | तार्किक विवेचना एवं मानसिक योग्यता

**विशेषताएँ :**

1. परीक्षा की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण व नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नों का व्याख्या सहित हल
2. विगत वर्ष के प्रश्न-पत्रों के विश्लेषण पर आधारित प्रश्न
3. समसामयिकी प्रश्नों का विशेष समावेश

**10 मॉडल प्रश्न-पत्र**




सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
लक्ष्य क्लासेज™

M. 6376957258, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur



**श्री आनंद अग्रवाल**
निदेशक
लक्ष्य क्लासेज, उदयपुर

# दो शब्द...

प्रिय विद्यार्थियों..........

आपके समक्ष राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSMB) द्वारा आयोजित राजस्थान पटवार भर्ती परीक्षा की मॉडल पेपर पुस्तक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष की अनुभूति हो रही है। इस पुस्तक में राजस्थान पटवार भर्ती परीक्षा के सम्पूर्ण नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित मॉडल टेस्ट पेपर्स दिए गए हैं। यह पुस्तक विद्यार्थियों की आगामी पटवार परीक्षा की तैयारी को मजबूत बनाने और परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से लिखी गई है।

यह Model Test पेपर्स पूर्णतः पटवार परीक्षा पैटर्न पर आधारित है, जिसके तहत भारत का इतिहास, भारत का भूगोल, भारत एवं राजस्थान की राजव्यवस्था, राजस्थान का इतिहास एवं कला-संस्कृति, राजस्थान का भूगोल, सामान्य विज्ञान, सामान्य हिन्दी, General English, तार्किक विवेचना एवं मानसिक योग्यता और सामान्य कम्प्यूटर से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का संकलन किया गया है। इस पुस्तक को विषय विशेषज्ञों ने अपने विशिष्ट अनुभव व कौशल से तैयार किया हैं। आप इस Model Test पेपर्स बुकलेट के माध्यम से परीक्षा के पैटर्न को समझ सकते हैं और अपनी तैयारी के लिए एक बेहतर रणनीति तैयार कर सकते हैं।

इस पुस्तक में कुल 10 मॉडल टेस्ट पेपर्स व्याख्यात्मक हल के साथ दिए गए हैं, जिनसे आप एक प्रश्न के साथ-साथ तीन-चार नए प्रश्न भी तैयार कर सकते हैं। इसके साथ ही 10 OMR SHEETS भी दी गई है जिनके माध्यम से आप परीक्षा पूर्व परीक्षा का बेहतर अभ्यास कर सकते हैं। हम आशा करते हैं कि इस Model Test पेपर्स पुस्तक की सहायता से आप परीक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर सकें।

**मार्गदर्शन- लक्ष्य क्लासेज के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के निर्देशन में।**
**पाठ्यसामग्री निर्माता- राजवर्धन बेगड़ और अनोपचन्द मंडा।**

अंततः यह कहा जा सकता है कि यह पुस्तक राजस्थान पटवार भर्ती परीक्षा के प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभप्रद है।

लक्ष्य परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

**आनंद अग्रवाल**
**निदेशक, लक्ष्य क्लासेज**

लक्ष्य क्लासेस  ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को लक्ष्य क्लासेस की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | अध्याय | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 01 | 1 - 21 |
| 2. | मॉडल पेपर - 02 | 22 - 45 |
| 3. | मॉडल पेपर - 03 | 46 - 67 |
| 4. | मॉडल पेपर - 04 | 68 - 89 |
| 5. | मॉडल पेपर - 05 | 90 - 111 |
| 6. | मॉडल पेपर - 06 | 112 - 135 |
| 7. | मॉडल पेपर - 07 | 136 - 158 |
| 8. | मॉडल पेपर - 08 | 159 - 181 |
| 9. | मॉडल पेपर - 09 | 182 - 206 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 207 - 229 |

1. **राइबोजाइम्स होते हैं–**
(a) डी.एन.ए. (b) आर.एन.ए.
(c) प्रोटीन्स (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. **मेंडल ने अपने चिरप्रतिष्ठित "वंशागति नियमों" को प्रतिपादित करने में जिस जीवधारी का उपयोग किया, वह था–**
(a) ड्रासोफिला (b) स्नैप ड्रैगान
(c) गार्डेन पी (मटर) (d) स्वीट पी (सुगन्धित मटर)

3. **लैंगरहेन्स द्वीप समूह की कोशिकाओं द्वारा स्त्रावित हार्मोन्स है-**
(a) इन्सुलिन (b) सोमेट्रोस्टेरिन
(c) ग्लुकेगॉन (d) उपर्युक्त सभी

4. **निम्नलिखित में से पार्किसन रोग के लक्षण है-**
(a) चेहरा भाव शून्य
(b) ऐच्छिक पेशियों पर नियंत्रण न रह पाना
(c) हाथ पैर में अनैच्छिक कंपन
(d) उपर्युक्त सभी

5. **निम्नलिखित में से झूठा सोना किसे कहा जाता है?**
(a) फेरिक क्लोराइड (b) आयरन सल्फाइड
(c) फेरस सल्फेट (d) हेमेटाइट

6. **ऊँचाई की जगहों पर पानी 100 सेण्टीग्रेड के नीचे के तापमान पर क्यों उबलता है?**
(a) क्योंकि वायुमण्डलीय दबाव कम हो जाता है, अतः उबलने का बिन्दु नीचे आ जाता है।
(b) क्योंकि गुरुत्वाकर्षण कम होता है।
(c) पर्वतों पर भारी हवाओं के कारण।
(d) उपर्युक्त में से कोई सही नहीं है।

7. **नीचे दिए गए युग्मों में से कौन-सा एक युग्म सुमेलित नहीं है?**
(a) सूखी बर्फ ठोस कार्बन डाईऑक्साइड
(b) सेविन पट कीटनाशक
(c) टेफ्लॉन फ्लुओरीनयुक्त बहुलक
(d) फुलरीन फ्लुओरीनयुक्त कार्बनिक यौगिक

8. **जल के शुद्धीकरण की ओजोनन की प्रक्रिया को कहा जाता है-**
(a) आसवन (b) क्लोरीनेशन
(c) विसंक्रमण (d)अवक्षेपण

9. **x – किरणें वास्तव में होती हैं-**
(a) विद्युत चुम्बकीय तरंगें (b) तीव्र गति के न्यूट्रॉन
(c) तीव्र गति के इलेक्ट्रॉन (d) रेडियो तरंगें

10. **सड़क में लगे परावर्तक लैम्पों में किस प्रकार के दर्पण का उपयोग किया जाता है?**
(a) अवतल दर्पण (b) उत्तल दर्पण
(c) समतल दर्पण (d) परवलीय दर्पण

11. **मिताक्षरा की रचना किसके द्वारा की गई थी?**
(a) देवण्ण भट्ट (b) दायभाग
(c) जीमूतवाहन (d) संत विज्ञानेश्वर

12. **सर्वप्रथम चाँदी के सिक्कों का प्रचलन किस गुप्त शासक ने करवाया था?**
(a) समुद्रगुप्त पराक्रमांक (b) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(c) कुमारगुप्त (d) स्कन्दगुप्त विक्रमादित्य

13. **तुजुक-ए-जहाँगीरी किस भाषा में लिखी गई है?**
(a) तुर्की (b) फारसी
(c) अरबी (d) चंगताई तुर्की

14. **निम्नलिखित में से सही सुमेलित नहीं है-**
(a) महावत खाँ - जहाँगीर
(b) बैरम खाँ - अकबर
(c) शाइस्ता खाँ - औरंगजेब
(d) मलिक अम्बर - शाहजहाँ

15. **प्रान्तों में द्वैध शासन की स्थापना किस ब्रिटिश अधिनियम के तहत हुई?**
(a) भारत शासन अधिनियम - 1909 ई.
(b) भारत शासन अधिनियम - 1919 ई.
(c) भारत शासन अधिनियम - 1892 ई.
(d) पिट्स इंडिया एक्ट - 1784 ई.

16. **पल्लव वंश का संस्थापक कौन था?**
(a) दन्तिदुर्ग (b) सिंह विष्णु
(c) नरसिंह वर्मन प्रथम (d) परमेश्वरवर्मन द्वितीय

17. **कम्पनी की सुरक्षित घेरे की नीति/रिंग फेंस की नीति सर्वप्रथम किसने अपनाई थी?**
(a) वॉरेन हेस्टिंग्स (b) लॉर्ड विलियम बैंटिक
(c) लॉर्ड डलहौजी (d) लॉर्ड कैनिंग

18. **भारत में क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से क्रमश: सबसे छोटा व सबसे बड़ा राज्य है-**
(a) सिक्किम व राजस्थान (b) गोवा व राजस्थान
(c) गोवा व मध्य प्रदेश (d) सिक्किम व मध्य प्रदेश

19. **निम्नलिखित में से कौन-से राज्य भूकम्प व भूस्खलन की घटनाओं से अधिक प्रभावित रहते हैं?**
(a) उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, असम
(b) बिहार, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम
(c) उत्तराखण्ड, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश
(d) जम्मू कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश

20. **'अक्टूबर की गर्मी' का मुख्य कारण क्या है?**
(a) उच्च आर्द्रता से संबंधित उच्च तापमान
(b) शुष्क मौसम
(c) पवनों का बहुत कम वेग
(d) सिंधु-गंगा के मैदानों पर कम दबाव प्रणाली

21. **निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?**
(a) शेषनाग झील - जम्मू-कश्मीर
(b) रेणुका झील - उत्तरप्रदेश
(c) भीमताल झील - उत्तराखंड
(d) चो-ल्हामु झील - सिक्किम

**22. कौन-सी मृदा में लोहे व एल्युमिनियम की ग्रन्थियाँ पाई जाती है?**
(a) जलोढ़ मृदा (b) लैटेराइट मृदा
(c) काली मृदा (d) पर्वतीय मृदा

**23. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/कौन-से सही सुमेलित हैं?**

| राष्ट्रीय उद्यान | प्रसिद्ध जन्तु |
|---|---|
| (A) गिर | शेर |
| (B) पेरियार | हाथी |
| (C) मानस | शेर |
| (D) काजीरंगा | गैंडा |

**कूट :**
(a) A, B व C (b) A, B व D
(c) A व D (d) B व C

**24. ओजोन अपक्षय (ओजोन ह्रास) का अर्थ है-**
(a) ओजोन की मात्रा में कमी (b) ओजोन की मात्रा में वृद्धि
(c) ओजोन का स्थानांतरण (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25. मूल अधिकारों का निम्न में से कौन-सा वर्ग 'अस्पृश्यता की समाप्ति' को समाविष्ट करता है?**
(a) धर्म का अधिकार (b) समानता का अधिकार
(c) स्वतंत्रता का अधिकार (d) शोषण के विरुद्ध अधिकार

**26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**(A) सन् 1950 में संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश किया गया।**
**(B) सन् 1969 में मद्रास प्रांत का नया नाम तमिलनाडु रखा गया।**
**(C) वर्ष 1973 में मैसूर का नया नाम कर्नाटक कर दिया गया।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल A और B (b) केवल B और C
(c) केवल A और C (d) A, B और C

**27. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 38(2) के तहत राज्य आय प्रतिष्ठा, सुविधाओं और अवसरों की असमानता को समाप्त करेगा। यह प्रावधान किस संशोधन के तहत जोड़ा गया?**
(a) 42वें संविधान संशोधन द्वारा 1976 में
(b) 44वें संविधान संशोधन द्वारा 1978 में
(c) 38वें संविधान संशोधन द्वारा 1975 में
(d) 36वें संविधान संशोधन द्वारा 1975 में

**28. धन विधेयक के संदर्भ निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
**(A) धन विधेयक को लेकर हुए गतिरोध की स्थिति में राष्ट्रपति संसद की संयुक्त बैठक बुला सकते हैं**
**(B) लोक सभा अध्यक्ष यह निर्णय करने के लिए अंतिम प्राधिकारी है कि कोई बिल धन विधेयक है या नहीं।**
**(C) राष्ट्रपति किसी धन विधेयक को लोक सभा में पुनर्विचार के लिए नहीं लौटा सकता।**
**सही कूट का चयन कीजिए–**
(a) केवल A (b) केवल B और C
(c) केवल A और C (d) A, B और C

**29. पर्यावरण का संरक्षण और संवर्द्धन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?**
(a) इसकी चर्चा केवल राज्य के नीति-निदेशक तत्त्वों के अंतर्गत की गई है।
(b) इसकी चर्चा केवल मूल कर्तव्यों के अंतर्गत की गई है।
(c) इसकी चर्चा न तो राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों में की गई है और न ही मूल कर्तव्यों में।
(d) इसकी चर्चा राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों और मूल कर्तव्यों दोनों में की गई है।

**30. निम्नलिखित अधिनियमों में से किस अधिनियम द्वारा गवर्नर जनरल की परिषद् में एक विधि सदस्य की अभिवृद्धि हुई?**
(a) मोंटेग्यू- चेम्सफोर्ड सुधार एक्ट, 1919
(b) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(c) भारत परिषद् अधिनियम, 1861
(d) चार्टर अधिनियम, 1833

**31. "संविधान सभा ही कांग्रेस है और कांग्रेस ही संविधान सभा है" भारतीय संविधान सभा के बारे में यह टिप्पणी किसकी है?**
(a) विंस्टन चर्चिल (b) लॉर्ड विसकाउंट
(c) लॉर्ड माउंटबेटन (d) ग्रेनविले ऑस्टिन

**32. 11वां राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कहा पर आयोजित किया जायेगा।**
(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) कोटा (d) उदयपुर

**33. पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरपालिकाओं के लिये 7वें राज्य वित्त आयोग के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है इसका कार्यकाल क्या होगा?**
(a) 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2030
(b) 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2028
(c) 1 मार्च 2025 से 31 मार्च 2030
(d) 1 मार्च 2025 से 31 मार्च 2028

**34. इंटरनेशनल थ्रोबॉल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली पैरा प्लेयर सोनिया चौधरी का संबंध राजस्थान के किस जिले से है?**
(a) बीकानेर (b) भरतपुर
(c) जयपुर (d) सवाई माधोपुर

**35. 13 दिसंबर को श्याम बेनेगल का निधन हो गया, वह किस क्षेत्र से संबंधित थे।**
(a) सिनेमा जगत (b) राजनीति
(c) पर्यावरण विद (d) खिलाड़ी

**36. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेटर को मेलबर्न क्रिकेट क्लब (MCC) की सदस्यता मिली है।**
(a) सुरेश रैना
(b) सचिन तेंदुलकर
(c) महेंद्र सिंह धोनी
(d) विराट कोहली

**37. प्रधानमन्त्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान को कौनसा स्थान मिला है?**
(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) चतुर्थ

**38. हाल ही में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का महानिदेशक (डीजी) किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह (b) वी. नारायणन
(c) अरुण मिश्रा (d) संजय मल्होत्रा

**39. महाभारतकालीन 'जांगल प्रदेश' वर्तमान में किन जिलों में विस्तृत था?**
(a) बीकानेर-जोधपुर (b) श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़
(c) बाड़मेर-जालोर (d) जयपुर-टोंक

**40. अग्निकुंड से राजपूतों की उत्पत्ति के सिद्धांत का समर्थन निम्नलिखित में से किसने नहीं किया है?**
(a) मुहणोत नैणसी (b) सूर्यमल्ल मीसण
(c) जोधराज (d) गौरीशंकर हीराचंद ओझा

**41. आवल-बावल की संधि किस-किसके मध्य हुई?**
(a) राणा कुंभा-रणमल राठौड़ (b) रणमल राठौड़-मोकल
(c) राणा कुंभा-राव चूड़ा (d) राणा कुंभा-राव जोधा

**42. रावल बैरसिंह द्वारा जैसलमेर में करवाया गया निर्माण कार्य है-**
(a) रत्नेश्वर महादेव मंदिर (b) बुलीसर तालाब
(c) राणीसर तालाब (d) उपर्युक्त सभी

**43. निम्नलिखित में से असत्य कथन है–**
(a) रामायण में भीलों को 'निषाद' कहा गया है।
(b) कर्नल जेम्स टॉड ने उन्हें 'वनपुत्र' कहा है।
(c) यूनानी विद्वान टॉलेमी ने भीलों को 'फिलाइट' की संज्ञा दी है।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44. 1818 ई. में ईस्ट इंडिया कम्पनी से संधि किस जयपुर के कच्छवाह शासक ने की?**
(a) सवाई प्रतापसिंह (b) पृथ्वीराज
(c) सवाई जगतसिंह-द्वितीय (d) महाराजा विष्णुसिंह

**45. केसरी सिंह बारहठ की जन्मस्थली है-**
(a) बालोतरा (b) शाहपुरा (भीलवाड़ा)
(c) नाडोल (पाली) (d) नाथद्वारा (राजसमंद)

**46. चाँदी के गोले दागने के लिए प्रसिद्ध दुर्ग है-**
(a) जूनागढ़ दुर्ग (b) जयगढ़ दुर्ग
(c) चूरू का किला (d) नाहरगढ़ दुर्ग

**47. महावीर मंदिर के सम्बन्ध में कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) महावीर मंदिर करौली जिले के चंदन गाँव में स्थित है।
(b) महावीर जयंती पर भव्य मेला का आयोजन होता है जिसका आकर्षण जिनेन्द्र रथ यात्रा होती है।
(c) यहाँ पर आने वाला चढ़ावा चमार जाति में वितरित होता है।
(d) यह मंदिर काली सिंध नदी के तट पर स्थित है।

**48. किस मेले को सहरिया जनजाति का कुम्भ कहा जाता है?**
(a) मानगढ़ मेला (b) सीताबाड़ी का मेला
(c) कपिलमुनि का मेला (d) केसरियानाथजी का मेला

**49. राजस्थान की वेशभूषा में निम्नलिखित में से कौन-सी ओढ़नी विवाहित महिलाओं द्वारा नहीं ओढ़ी जाती है?**
(a) ताराभांत की ओढ़नी (b) पावली भांत की ओढ़नी
(c) केरी भांत की ओढ़नी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50. मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी फारसी शोध संस्थान का मुख्यालय स्थित है -**
(a) कोटा (b) टोंक
(c) उदयपुर (d) बाराँ

**51. 'सुपार्श्वनाथ चरित्रम' नामक ग्रंथ किस मेवाड़ के शासक के शासनकाल में चित्रित हुआ था?**
(a) स्वरूप सिंह (b) राणा कुंभा
(c) अजीत सिंह (d) राणा मोकल

**52. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| वाद्य | वादक |
|---|---|
| **(A) रबाब** | **i. मेवात क्षेत्र के भाट** |
| **(B) सुरिन्दा** | **ii. लंगा** |
| **(C) दुकाको** | **iii. भील** |
| **(D) कामायचा** | **iv. मांगणियार** |

**कूट :-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | i | iii | ii | iv |
| (b) | i | ii | iii | iv |
| (c) | iii | iv | i | ii |
| (d) | iv | iii | i | ii |

**53. 23½° डिग्री उत्तरी अक्षांश तथा 70° डिग्री पूर्वी देशान्तर रेखाएँ राजस्थान के निम्नलिखित में से क्रमश: किन जिलों में होकर गुजरती है-**
(a) बाँसवाड़ा व जैसलमेर (b) डूँगरपुर व नागौर
(c) बाँसवाड़ा व डूँगरपुर (d) डूँगरपुर व धौलपुर

**54. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (मिट्टी के प्रकार) | सूची-II (जिला) |
|---|---|
| **(A) वर्टीसोल** | **(i) भरतपुर, अलवर** |
| **(B) इन्सेप्टीसोल** | **(ii) जैसलमेर, बीकानेर** |
| **(C) एरिडीसोल** | **(iii) सिरोही, राजसमंद** |
| **(D) एल्फीसोल** | **(iv) झालावाड़, बाराँ** |

**कूट:-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | iv | iii | ii | i |
| (b) | i | ii | iii | iv |
| (c) | ii | iv | i | iii |
| (d) | iv | ii | i | iii |

**55. चित्तौड़गढ़ दुर्ग किन नदियों के संगम – स्थल पर बना हुआ है?**
(a) आहु व कालीसिंध (b) काली सिंध व परवन
(c) गंभीरी व बेड़च (d) चम्बल व बामनी

**56. भाखड़ा नांगल बहुउद्देशीय परियोजना का संबंध किस राज्य से नहीं है?**
(a) पंजाब (b) हरियाणा
(c) हिमाचल प्रदेश (d) राजस्थान

**57. वनों के सन्दर्भ में असंगत युग्म का चयन करें-**
(a) सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला जिला – उदयपुर
(b) न्यूनतम वन क्षेत्र वाला जिला - चूरू
(c) सर्वाधिक प्रतिशत वन क्षेत्र वाला जिला- अलवर
(d) न्यूनतम प्रतिशत वन क्षेत्र वाला जिला – जोधपुर

**58. राजस्थान के प्रमुख अनुसंधान केन्द्र के सम्बन्ध में असंगत कथन कौन-सा है?**
(a) केन्द्रीय सरसों अनुसंधान केन्द्र- सेवर (भरतपुर)
(b) केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान- अविंकानगर (टोंक)
(c) शुष्क वन अनुसंधान संस्थान – जयपुर
(d) अखिल भारतीय खजूर अनुसंधान केन्द्र – बीकानेर

**59. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (पेट्रोलियम/कोयला खानें) | सूची-II (संबंधित जिला) |
|---|---|
| (A) मंगला | (i) बीकानेर |
| (B) घोटारू | (ii) जैसलमेर |
| (C) मातासुख | (iii) बाड़मेर |
| (D) पलाना | (iv) नागौर |

**कूट:-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | iii | ii | i | iv |

**60. राजस्थान में सर्वाधिक सीमेंट उत्पादक जिला कौन-सा है?**
(a) नागौर (b) चित्तौड़गढ़
(c) कोटा (d) बूँदी

**61. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) विधानपरिषद् का सभापति विधानपरिषद् का सदस्य नहीं होता है।
(b) विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद रिक्त होने पर राज्यपाल द्वारा नामित व्यक्ति सदन की अध्यक्षता करता है।
(c) विधानसभा का विघटन होने पर विधानसभा अध्यक्ष अपना पद तत्काल प्रभाव से रिक्त कर देता है।
(d) विधानसभा अध्यक्ष को लोकसभा अध्यक्ष की भाँति निर्णायक मत देने का अधिकार नहीं है।

**62. निम्नलिखित में से किसने जिलाधीश को 'संस्थागत करिश्मा' की संज्ञा दी है?**
(a) बी.बी.मिश्रा (b) इकबाल नारायण
(c) रजनी कोठारी (d) टी.एन.चतुर्वेदी

**63. पंचायती राज से संबंधित समितियों में से कौन-सी समिति ने पंचायती राज संस्थाओं के चार स्तर के गठन की सिफारिश की?**
(a) लक्ष्मीमल सिंघवी समिति
(b) जी.वी.के.राव समिति
(c) गॉडगिल समिति
(d) पी.के.थुंगन समिति

**64. संसदीय सचिव के संदर्भ निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**(A) इनकी नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है।**
**(B) राज्यपाल इन्हें शपथ दिलाते हैं।**
**(C) संसदीय सचिव राज्यपाल के प्रति उत्तरदायी होते हैं।**
**(D) संसदीय सचिव को पदमुक्त मुख्यमंत्री द्वारा किया जाता है।**
**उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/कथनों की पहचान कीजिए–**
(a) (A) व (C) (b) (A) व (D)
(c) (A) व (C) (D) (d) केवल (D)

**65. राजस्थान राज्य के पहले एवं एकमात्र अल्पसंख्यक मुख्यमंत्री थे-**
(a) अमीन खान (b) बरकतुल्लाह खाँ
(c) श्री अहमद बख्श सिंधी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**66. महाधिवक्ता के वेतन-भत्तों का निर्धारण किसके द्वारा किया जाता है?**
(a) मुख्यमंत्री द्वारा (b) राज्यपाल द्वारा
(c) राज्य विधानमंडल द्वारा (d) राष्ट्रपति द्वारा

**67. सरकारी नीति निर्माताओं में शामिल है–**
(a) विधानमण्डल (b) कार्यपालिका
(c) न्यायपालिका (d) उपर्युक्त सभी

**68. निम्नलिखित में से राज्य लोक सेवा आयोग के बारे में सही कथन है-**
(a) राज्य लोक सेवा आयोग में सदस्यों की संख्या राष्ट्रपति निर्धारित करता है।
(b) संविधान में राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की संख्या 10 निर्धारित है।
(c) राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों को हटाने का अधिकार राज्यपाल के पास है।
(d) राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्य 6 वर्ष की अवधि या 62 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, तक अपने पद पर बने रह सकते हैं।

**69. 'परमौषध' शब्द का शुद्ध संधि-विच्छेद होगा–**
(a) परम् + औषध (b) परम् + ओषध
(c) परम + ओषध (d) परम + औषध

**70. 'वाल्मीकि' शब्द में प्रत्यय व मूल शब्द है-**
(a) वाल्मिकी + इ (b) वाल्मिक + ई
(c) वल्मीक + इ (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**71. निम्नलिखित में से कौन-सा सामासिक शब्द करण तत्पुरुष समास का नहीं है?**
(a) भावाविष्ट (b) अभावग्रस्त
(c) कामचोर (d) रेलयात्रा

**72. समध्वनि भिन्नार्थक शब्दों में असंगत शब्द है-**
(a) शव-लाश, शब-रात
(b) सुधि-बुद्धिमान, सुधी-याद
(c) क्रांति-उलटफेर, क्लांति-थकावट
(d) जगत्-संसार, जगत-कुएँ का चबूतरा

**73. 'बसन्त' का पर्यायवाची शब्द हैत्र**
(a) नृप (b) भूप
(c) मधुमास (d) महीपाल

**74. अनुरूप का विलोम शब्द है-**
(a) विरूप (b) प्रतिरूप
(c) अपरूप (d) व्यतिरूप

**75. निम्नलिखित में से अशुद्ध शब्द है–**
(a) केंद्रीकरण (b) कार्पण्य
(c) कुँआ (d) किंचित्

**76. "भक्तियुग का काल स्वर्ण युग माना जाता है।" इस वाक्य में अशुद्धि है–**
(a) क्रिया संबंधी अशुद्धि (b) विशेषण संबंधी अशुद्धि
(c) सर्वनाम संबंधी अशुद्धि (d) अनुपयुक्त संज्ञा पद

**77. 'वह कृति जिसमें गद्य एवं पद्य दोनों मिश्रित हो' वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द है–**
(a) जलचर (b) झबरा
(c) छैनी (d) चंपू

**78. पारिभाषिक शब्दावली में असंगत शब्द है–**
(a) Modification – तरमीम (b) Consent - सम्मति
(c) Section – धारा (d) Provision – प्रावधान

**79. "छोटे मियां तो छोटे मियां, बड़े मियां सुभान अल्लाह।" लोकोक्ति का उचित अर्थ है–**
(a) छोटा भाई बहुत होशियार।
(b) छोटे की तुलना में बड़ा ज्यादा समझदार।
(c) छोटे की तुलना में बड़ा ज्यादा अवगुण वाला।
(d) छोटे की तुलना में बड़ा ज्यादा बेईमान।

**Direction (Q. 80-83): Read the following passage and answer the questions that follow.**

A duty is an obligation. It is something we owe to others as social beings when we live together. We must let others live with us. My right of living implies my duty to my fellow beings to allow them the same conditions of life. In fact, rights and duties are correlated. What is a right in regard to one may be a duty in regard to others. Rights and duties are two sides of the same coin. We should always observe from the standpoint of others. Moral duty is more effective than legal rights. A moral duty is that which is binding upon the people on moral grounds. It is my moral duty to help the poor because of being a member of the society.

I must try to create conditions that contribute to the welfare of humanity. Similarly, I owe a duty to my parents to be obedient and respectful to them. This duty originates from the sense of responsibility which is directly related to our conscience. So this is concerned with a moral duty which any person owes without a legal bondage.

A sense of duty is paramount for the proper development of civilization. Hypocrisy is quite reverse to the sense of duty. It involves wickedness, while duty involves sincerity and faithfulness.

**80. According to the passage, rights and duties are -**
(a) two sides of the same coin.
(b) correlated.
(c) both (a) and (b)
(d) neither (a) nor (b)

**81. Duty comes from -**
(a) Responsibility
(b) Legal bondage
(c) Hypocrisy
(d) None of the above

**82. Which of the following statements is not correct according to the passage?**
(a) Hypocrisy involves wickedness.
(b) Hypocrisy is opposed to duty.
(c)Duty involves sincerity.
(d) Sense of duty is not important for the development of civilization

**83. Why is it a duty to help the poor?**
(a)because I am poor.
(b) because I am rich.
(c)because I belong to the society.
(d) because God wants this.

**Direction (Q. 84-85): Find out the erroneous part of the given sentences.**

**84. She is the girl (A)/ which secured (B)/ the first position. (C)/ No error (D)**
(a) A (b) B
(c) C (d) D

**85. Gita is too (A)/ poor that (B)/ buy a house. (C)/ No error (D)**
(a) A (b) B
(c) C (d) d

**86. Choose the one which is similar in meaning to the given word.**
**Capricious**
(a) Unmovable (b) Decisive
(c) Stable (d) Whimsical

**Direction (Q. 87-88): Choose the one which is opposite in meaning to the given words.**

**87. Stationary**
(a) Standing (b) Speedy
(c) Moving (d) Fast

**88. Expand**
(a) Convert (b) Condense
(c) Congest (d) Conclude

**Direction (Q. 89-90): Choose the alternative which best expresses the meaning of the underlined Idioms/ Phrases.**

**89. The criminal was pardoned <u>at the eleventh hour</u> just as he was about to be hanged.**
(a) at eleven o'clock
(b) suddenly
(c) at the very last moment
(d) at midnight

**90. He spoke well though it was his <u>maiden speech</u>.**
(a) long speech (b) brief speech
(c) first speech (d) emotional speech

**91. यदि AC = 3 तथा FG = 42 है तो DK का मान होगा-**
(a) 22 (b) 16
(c) 44 (d) 48

**92. दीपक पूर्व दिशा में 5 कि.मी. गया, तब वह बाएँ मुड़कर 2 कि.मी. चला, फिर बाएँ मुड़कर यह 5 कि.मी. चला, तो दीपक प्रारंभिक स्थान से कितनी दूरी पर है?**
(a) 2 कि.मी. (b) 5 कि.मी.
(c) 7 कि.मी. (d) 12 कि.मी.

**93. दिए गए विकल्पों में से सम्बंधित शब्द को चुनिए –**
**मक्खन : दूध : : किताब : ?**
(a) छपाई (b) लेखक
(c) कागज (d) अध्याय

**94. दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए –**
**गैस : ऑक्सीजन : : द्रव : ?**
(a) वस्तु (b) पानी
(c) समुद्र (d) हवा

**95. निम्नलिखित शृंखला को पूरा करने वाले विकल्प का चयन कीजिए -**
**Mn_opQ_nO_p_**
(a) nOpq (b) OMoQ
(c) MnOp (d) opMQ

**96. दिए गए विकल्पों में से संबंधित युग्म को चुनिए –**
**CDF : GHJ : : ?**
(a) EFH : JKM (b) ABD : FGI
(c) KLN : OPR (d) KLN : PQS

**97. दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द चुनिए –**
(a) प्रतिभा पाटिल
(b) ए.पी.जे.अब्दुल कलाम
(c) प्रणव मुखर्जी
(d) मनमोहन सिंह

**98. B,C का इकलौता बेटा है, जिसकी कोई बेटी नहीं है। K,C के पोते की पत्नी है तो बताइए B,K का क्या है?**
(a) बेटा (b) भाई
(c) पिता (d) ससुर

**99. दी गई संख्या शृंखला को कौन-सा विकल्प पूरा करेगा-**
**60, 121, 243, ?**
(a) 480 (b) 484
(c) 486 (d) 487

**100. यदि '+' का अर्थ '-' है 'x' का अर्थ '÷' है '÷' का अर्थ '+' है '-' का अर्थ 'x' है तो 104×13+9-5÷6=?**
(a) 31 (b) -31
(c) -34 (d) 37

**101. नेहा 3 किलोमीटर दक्षिण की ओर चलती है, फिर दाएँ मुड़कर 1 कि.मी. चलती है। पुन: दाएँ मुड़कर 3 कि.मी. चलती है, तो बताएँ कि वह अपने प्रारम्भिक स्थान से किस दिशा में है?**
(a) पश्चिम (b) पूर्व
(c) उत्तर (d) दक्षिण

**102. दिए गए विकल्पों में से विषम संख्या युग्म चुनिए –**
(a) 23 - 25 (b) 12 - 9
(c) 13 - 16 (d) 24 - 48

**103. दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द चुनिए –**
(a) ACE (b) FHJ
(c) KLM (d) SUW

**104. निम्नलिखित शब्द के अक्षरों के प्रयोग से कौन-सा शब्द नहीं बनाया जा सकता है?**
**ENVIRONMENT**
(a) ENTER (b) MENT
(c) NAME (d) TIME

**105. अंग्रेजी वर्णमाला में दाएँ से 9वें तथा बाएँ से 8वें अक्षर के मध्य अक्षर के दाएँ दूसरा अक्षर होगा-**
(a) M (b) O
(c) H (d) R

**106. शब्द 'REDUCATION' से ऐसे कितने जोड़े बनाए जा सकते हैं, जिनके मध्य उतने ही वर्ण हैं जितने कि उनके मध्य अंग्रेजी वर्णमाला में हैं?**
(a) पाँच (b) दो
(c) छ: (d) एक भी नहीं

**107. पाँच लड़के P, Q, R, S और T एक रेखा में खड़े हैं, Q,T से लंबा हैं, लेकिन P से छोटा है S,T से छोटा है लेकिन R से लंबा है सबसे छोटा कौन है?**
(a) T (b) S
(c) P (d) R

**108. दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द चुनिए –**
(a) धनिया (b) काली मिर्च
(c) जीरा (d) लहसुन

**109. दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए –**
**GOAL : HPBK : : POST : ?**
(a) TSOP (b) QPTS
(c) STOP (d) QPST

**110. दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या का चयन करें –**




(a) 530 (b) 524
(c) 520 (d) 526

**111. तुषार अपने घर से उत्तर की ओर 5 कि.मी. जाता है, फिर दाएँ मुड़कर 2 कि.मी. चलता है और बाएँ मुड़कर 1 कि.मी. चलने के बाद उसका विद्यालय आ जाता है। तुषार का विद्यालय प्रारम्भिक बिन्दु से किस दिशा में है?**
(a) उत्तर (b) दक्षिण
(c) उत्तर-पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

**112. A, B, C, D और E एक बैंच पर बैठे हैं। उनमें A, B के पास में बैठा है, E बेंच के बाएँ किनारे पर बैठा है। C का स्थान दायीं ओर से दूसरा है और A, B और E के दायीं ओर है। पर A और C साथ बैठे हैं, तब A किस स्थान पर बैठा है?**
(a) B और D के बीच (b) B और C के बीच में
(c) E और D के बीच में (d) C और E के बीच में

**निर्देश (113 से 115): निम्नलिखित जानकारी का ध्यान से अध्ययन करें और दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें: निम्नलिखित इनपुट और उसके पुनर्विन्यास का एक उदाहरण**
इनपुट : 564 567 123 804 190 928
चरण I: 928 564 567 123 804 190
चरण II: 928 567 564 123 804 190
चरण III: 928 567 564 804 123 190
चरण IV: 928 567 564 804 190 123
चरण IV : ऊपर वर्णित इनपुट के पुनर्विन्यास का अंतिम चरण है।

**113. उपर्युक्त चरणों में पालन किए गए नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा चरण "987 546 345 312 342 326" होगा?**
**इनपुट : 312 546 987 345 342 326**
(a) III (b) I
(c) IV (d) II

**114. उपर्युक्त चरणों में पालन किए गए नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट से अंतिम आउटपुट पाने के लिए कितने चरण आवश्यक होंगे?**
**इनपुट : 312 546 987 345 342 326**
(a) VII (b) V
(c) IV (d) VI

**115. उपर्युक्त चरणों में पालन किए गए नियमों के अनुसार, यदि एक इनपुट का दूसरा चरण "987 546 312 345 342 326" है तो चौथा चरण क्या होगा?**
(a) 987 546 342 345 326 312
(b) 987 546 326 345 342 312
(c) 987 546 345 342 326 312
(d) 987 546 345 326 312 342

**116. 3645 रुपये कितने प्रतिशत वार्षिक दर से 3 वर्ष में वह धन 5000 रुपये हो जाएगा?**
(a) 10% (b) $8\frac{1}{2}\%$
(c) $11\frac{1}{9}\%$ (d) 9%

**117. पहली 9 विषम संख्याओं का औसत क्या है ?**
(a) 9 (b) 7
(c) 10 (d) 8

**118. यदि समबाहु त्रिभुज की भुजा में 20% की कमी कर दी जाए, तो इसके क्षेत्रफल में कितनी प्रतिशत की कमी होगी?**
(a) 36% (b) 40%
(c) 64% (d) कोई परिवर्तन नहीं

**119. क्रमवार 20%, 10% और 5% के समतुल्य छूट है-**
(a) 68.40% (b) 31.60%
(c) 35% (d) इनमें से कोई नहीं

**120. A व B की आयु का अनुपात 5 : 3 है व इनकी आयु का योग 64 वर्ष है तो A की आयु ज्ञात कीजिए -**
(a) 40 वर्ष (b) 24 वर्ष
(c) 15 वर्ष (d) 16 वर्ष

**121. 9000 रुपये का ऋण साधारण ब्याज की दर पर ₹ 1000 की मासिक किश्तों में 10 माह में वापिस किया जाता है। वार्षिक दर कितनी होगी?**
(a) $6\frac{2}{3}\%$ (b) $26\frac{2}{3}\%$
(c) $2\frac{2}{3}\%$ (d) $33\frac{1}{3}\%$

**122. एक टी.वी. तथा एक डी.वी.डी. का मूल्य 22,000 रुपये है। 2 टी.वी. का मूल्य 24,000 रुपये है तो एक डी.वी.डी का मूल्य कितना होगा?**
(a) ₹ 9000 (b) ₹ 13000
(c) ₹ 10000 (d) ₹ 14000

**123. एक कक्षा के 32 छात्रों का औसत भार 30.5 किलोग्राम है। यदि अध्यापक का भार भी शामिल कर लिया जाए तो औसत भार में 500 ग्राम की वृद्धि होती है। अध्यापक का भार होगा-**
(a) 47 किलोग्राम (b) 48 किलोग्राम
(c) 46 किलोग्राम (d) 45 किलोग्राम

**124. 127. किसी धनराशि का 5% वार्षिक ब्याज की दर से 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 246 है। उसी धनराशि का 6% वार्षिक ब्याज की दर से 3 वर्ष का साधारण ब्याज होगा-**
(a) ₹ 435
(b) ₹ 450
(c) ₹ 430
(d) ₹ 432

125. 9 मी. 99 सेमी. लंबे और 4 मी. 7 सेमी. चौड़े कमरे के फर्श पर खड़ंजा डालने के लिए आवश्यक वर्गाकार टाइलों की कम से कम संख्या क्या है?
(a) 247 (b) 277
(c) 297 (d) 307

126. एक घन के सम्पूर्ण पृष्ठ पर पेन्ट 13 पैसा/सेमी. से करवाने का खर्च 343.98 रुपये होता है। इस घन का आयतन कितना होगा।
(a) 8500 सेमी$^3$ (b) 9000 सेमी$^3$
(c) 9250 सेमी$^3$ (d) 9261 सेमी$^3$

127. एक दुकानदार मूल कीमत से 15% अधिक कीमत अंकित करता है। माँग में वृद्धि के कारण वह कीमत को 10% और बढ़ा देता है। उसे कितने प्रतिशत लाभ मिलेगा?
(a) 20% (b) 24.5%
(c) 25% (d) 26.5%

128. दो लंब वृत्ताकार शंकु, जिनकी ऊँचाई एक समान है और जिनके आधारों की त्रिज्याएँ 3 सेमी. तथा 4 सेमी. हैं, एक साथ पिघलाकर, 5 सेमी. त्रिज्या वाले एक ठोस गोले में ढाल दिए जाते हैं। तदनुसार, एक शंकु की ऊँचाई कितनी होगी?
(a) 10 सेमी. (b) 20 सेमी.
(c) 30 सेमी. (d) 40 सेमी.

129. निम्न समीकरण में x के स्थान पर कौन-सा मान (लगभग) आएगा? $(\sqrt{5} = 2.24)$
$161\sqrt{5} + 960$ का x% = 934
(a) 60 (b) 45
(c) 35 (d) 25

130. 27 का $11\frac{1}{9}$ % कितना होगा?
(a) 2 (b) 9
(c) 3 (d) 5

131. किसी वस्तु के लिए 25% छूट पर लाभ 25% है। यदि छूट 10% हो तो लाभ है–
(a) 50% (b) 40%
(c) 30% (d) $33\frac{1}{3}$%

132. 5 वर्ष पूर्व A की आयु का 3 गुणा B की आयु के 5 गुणा के समान था। 3 वर्ष बाद इनकी आयु का योग 48 वर्ष होगा। B की आयु ज्ञात कीजिए–
(a) 12 वर्ष (b) 20 वर्ष
(c) 18 वर्ष (d) 17 वर्ष

133. मूलधन = 7500 रुपये, समय = 3 वर्ष, साधारण ब्याज = 2025 रुपये, दर%=?
(a) 10% (b) 5%
(c) 18% (d) 9%

134. एक विद्यालय में लड़के और लड़कियों का अनुपात 4:7 है तथा लड़कियों तथा अध्यापकों का अनुपात 13:2 है। छात्रों तथा अध्यापकों का क्रमश: अनुपात क्या है?
(a) 21:4 (b) 143:14
(c) 133:15 (d) 31:5

135. जब एक व्यक्ति किसी वस्तु को ₹ 240 में बेचता है, तो उसे 20 प्रतिशत की हानि होती है। वस्तु का क्रय मूल्य क्या है?
(a) ₹ 460 (b) ₹ 300
(c) ₹ 400 (d) ₹ 360

136. कम्प्यूटर से सम्बन्धित तथ्यों में असंगत है-
(a) की-बोर्ड में कैप्स लॉक के ऑन होने पर अल्फाबेट बड़े अक्षरों में प्रदर्शित होते हैं।
(b) की-बोर्ड में सम्पूर्ण Numerical न्यूमैरिक की 17 होती है।
(c) Key- board में Tab कुंजी से 0.5 इन्च का अन्तर होता है।
(d) माउस की पॉजिशन कर्सर द्वारा प्रदर्शित होती है।

137. डेजी व्हील किसका एक प्रकार है?
(a) थर्मल प्रिंटर (b) इम्पैक्ट प्रिन्टर
(c) नौन इम्पैक्ट (d) मॉनिटर

138. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) RAM से डेटा को एक्सेस करना वर्चुअल मेमोरी से डेटा एक्सेस करने से धीमा होता है।
(b) वर्चुअल मेमोरी से डेटा प्रयुक्त करते समय ऑपरेटिंग सिस्टम RAM फाइल नामक फाइल बिल्ड करती है।
(c) वर्चुअल मेमोरी हाई ड्राइव पर स्पेस है जहाँ ऑपरेटिंग सिस्टम मेमोरी- बाउंड होने पर डेटा स्टोर करना प्रारम्भ करती है।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

139. निम्नलिखित में से कौन एंटीवायरस सॉफ्टवेयर नहीं है?
(a) Norton (b) Avira
(c) Cobol (d) Kespersky

140. RTGS का पूर्ण रूप है-
(a) Real Time Gross Settlement
(b) Real Time Gain Settlement
(c) Real Time Gross Statement
(d) Real Time Gain Statement

141. Basic, COBOL, PHP आदि हैं-
(a) उच्च स्तरीय प्रोग्रामिंग भाषाएं
(b) निम्न स्तरीय प्रोग्रामिंग भाषाएं
(c) मशीनी भाषाएं
(d) इनमें से कोई नहीं

142. निम्नलिखित में किसका उपयोग Excel में रॉ एवं Column की Heading को स्थिर करने के लिए किया जाता है?
(a) Split window (b) Page Layout
(c) Freeze Panes (d) Show/Hide

143. हाई स्पीड नेटवर्क मीडिया बैकबोन है-
(a) कोएक्सियल केबल (b) ट्वीस्टेड पेयर केबल
(c) फाइबर ऑप्टिक केबल (d) कॉपर केबल

144. ब्राउजर क्या है-
(a) LAN में कम्प्यूटर को Log करने वाला सॉफ्टवेयर
(b) इंटरनेट पर वेब पेज सर्च करने वाला सॉफ्टवेयर
(c) LAN में कम्प्यूटर का पता लगाने वाला सॉफ्टवेयर
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**145. MS-word में Macros का उपयोग करने के लिए सही निर्देश है-**

(a) Insert Tab→ Macros

(b) Reciew Tab→ Macros

(c) Reference Tab→ Macros

(d) View Tab→ Macros

**146. MS-Excel में Meta data क्या है?**

(a) सूचना

(b) वह डेटा (सूचना) जो किसी दूसरे डेटा की सूचना प्रदान करते हैं।

(c) टेबल के बारे में सूचना

(d) ग्राफ की सूचना

**147. एक ऐसा फंक्शन जो यह चेक करता है कि Condition सही है या नहीं-**

(a) COUNT (b) SUM

(c) IF (d) AVERAGE

**148. MS-Word में Ruler की हेल्प से कर सकते हैं-**

(a) टेब सेट कर सकते हैं।

(b) इनडेंट सेट कर सकते हैं।

(c) पेज मार्जिन सेट कर सकते हैं।

(d) उपर्युक्त तीनों कर सकते हैं।

**149. MS-Word में Ctrl + W शॉर्टकट-की का प्रयोग किया जाता है-**

(a) Print डायलॉग बॉक्स ओपन करने के लिए

(b) Web Page खोलने के लिए

(c) वर्तमान (करंट) विंडो को बंद करने के लिए

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**150. MS-Power Point में स्लाइड लेआउट नहीं होता है-**

(a) Titles (b) Lists

(c) Charts (d) Animation

•••

1. [b]

**व्याख्या :-**

– 'राइबोन्यूक्लिक एसिड एंजाइम' या राइबोजाइम्स (Ribozymes) R.N.A. अणु हैं, जो विशिष्ट जैव-रसायनिक प्रतिक्रियाओं (Reaction) को उत्प्रेरित करने की क्षमता रखते हैं।

2. [c]

**व्याख्या :-**

– ग्रेगर जॉन मेंडल को 'आनुवंशिकी का पिता' कहा जाता है। उन्होंने मटर के पौधे पर अपना प्रयोग किया था। मेंडल ने सर्वप्रथम मटर के पौधे में मौजूद सात प्रकार के गुणों का अध्ययन कर तीन नियम प्रतिपादित किए।

3. [d]

**व्याख्या :-**

– लैंगरहेन्स द्वीप समूह की कोशिकाओं द्वारा स्त्रावित हार्मोन्स- इन्सुलिन, सोमेट्रोस्टेरिन, ग्लुकेगॉन हैं।

– यह हार्मोन्स रक्त में शर्करा स्तर में वृद्धि करता है।

4. [d]

**व्याख्या :-**

– पार्किंसन रोग भी तंत्रिका तंत्र से संबंधित रोग है।
पार्किंसन रोग के लक्षण हैं-

– चेहरा भाव शून्य।

– ऐच्छिक पेशियों पर नियंत्रण न रह पाना।

– हाथ पैर में अनैच्छिक कंपन

5. [b]

**व्याख्या :-**

– आयरन सल्फाइड ($FeS_2$) एक खनिज है जो लौह और गंधक का यौगिक है।
इस खनिज का रंग सोने जैसा होता है, पर इसके चूर्ण का रंग हरा-काला या गुलाबी-काला होता है। इसकी चमक दैदिप्यमान धात्विक होती है, जिस कारण इस खनिज से स्वर्ण का भ्रम होता है और इसे झूठा सोना या मूर्खों का सोना कहते हैं। इसका उपयोग इसमें उपस्थित गंधक से गंधक का अम्ल बनाने में होता है।

6. [a]

**व्याख्या :-**

– ऊँचाई से जाने से वायुमण्डलीय दबाव कम हो जाता है, अतः जल का क्वथनांक घट जाता है और जल कम ताप पर ही उबलने लगता है। इसी कारण ऊँचाई पर जाने से खाना भी देर से पकता है।

7. [d]

**व्याख्या :-**

– फुलरीन कार्बन का अणु है, जो एक विशेष संरचना लिए होता है। पहले फुलरीन अणु का निर्माण वर्ष 1985 में बकमिन्स्टर फुलरीन ($C_{60}$) नाम से किया गया था जबकि फुलरीन (F, परमाणु क्रमांक-9) एक रासायनिक तत्त्व है।

8. [c]

**व्याख्या :-**

– जल के शुद्धीकरण की ओजोनन प्रक्रिया को विसंक्रमण कहा जाता है। जल में जब ओजोन मिलाया जाता है तो यह जल में उपस्थित कीटाणुओं को नष्ट कर उसे पीने योग्य बनाता है।

– भाप आसवन और क्लोरीनेशन भी जल के शुद्धीकरण की विधियाँ हैं।

9. [a]

**व्याख्या :-**

– X- किरणें वास्तव में विद्युत चुम्बकीय तरंगें हैं।

– X- किरणें का तरंगदैर्ध्य 10 से 0.01 नैनोमीटर होता है।

– यह एक प्रकार की आयनकारी विकिरण है, इसलिए खतरनाक भी होती है।

– इनका सर्वाधिक प्रयोग चिकित्सा क्षेत्र में होता है।

10. [b]

**व्याख्या :-**

– सड़क में लगे परावर्तक लैम्पों में उत्तल दर्पण का उपयोग किया जाता है। इनका विस्तार क्षेत्र अधिक होने के कारण ये प्रकाश को अधिक क्षेत्र में फैलाते हैं।

– इसके अतिरिक्त मोटर कारों में चालक के बगल में पृष्ठ दृश्य दर्पण लगाया जाता है क्योंकि उत्तल दर्पण का दृष्टि क्षेत्र (Field-View) अधिक होता है।

11. [d]

**व्याख्या :-**

– पूर्व मध्यकालीन भारत में हिन्दू विधि की पुस्तक मिताक्षरा की रचना विज्ञानेश्वर ने की थी। यह टिका याज्ञवल्क्य स्मृति पर आधारित है।

– यह ग्रन्थ 'जन्मना उत्तराधिकार' के सिद्धान्त के लिए प्रसिद्ध है।

– विज्ञानेश्वर पश्चिमी चालुक्य नरेश विक्रमादित्य षष्ठ (1076-1126 ईस्वी) के दरबार में थे।

12. [b]

**व्याख्या :-**

– गुप्त शासकों में चन्द्रगुप्त द्वितीय ने सर्वप्रथम चाँदी के सिक्के चलाए। उसने पश्चिमी भारत में शकों को पराजित करने के बाद ये सिक्के चलाए। इसी कारण चन्द्रगुप्त द्वितीय के रजत सिक्के आकृति एवं वजन में शकों के सिक्कों के अनुरूप ही हैं।

13. [b]

**व्याख्या :-**

– तुजुक-ए-जहाँगीरी मुगल सम्राट जहाँगीर की आत्मकथा है जो मूलत: फारसी में है।

– जहाँगीर ने स्वयं अपने शासन काल के सत्रहवें वर्ष तक का वृत्तांत लिखा है। अस्वस्थता के कारण शेष वृत्तांत लिखने का कार्य उसने मौतमिद ख़ाँ को सुपुर्द कर दिया, जिसने उन्नीसवें वर्ष तक का वृत्तांत जहाँगीर के नाम से लिखा। इस प्रकार जहाँगीर की आत्मकथा पूर्ण हुई। जहाँगीर ने बाइस वर्ष शासन किया था।

**14. [d]**

**व्याख्या :-**

- **महावत खाँ**:- इसका वास्तविक नाम जमानबेग था। जब जहाँगीर गद्दी पर बैठा तब उसने जमानबेग को महावत खाँ की उपाधि के साथ डेढ़ हजार का मनसब भी दिया था।
- **बैरम खाँ:-** यह हुमायूँ का विश्वासपात्र तथा सहायक था। यह अकबर का संरक्षक था। यह योग्य सेनापति था इसे संरक्षक व खानेखाना की उपाधियाँ प्राप्त थी।
- **शाइस्ता खाँ:-** यह औरंगजेब का मामा था। 1660 ई. में इसे औरंगजेब ने दक्षिण में शिवाजी की शक्ति को रोकने के लिए नियुक्त किया था। 1663 ई. में शिवाजी ने चुने हुए 400 सिपाहियों के साथ इस पर आक्रमण कर इसे काफी क्षति पहुँचाई।
- **मलिक अम्बर-** दक्षिण में अहमद नगर के मुर्त्तजा द्वितीय (1600-1610 ई.) के समय कमान सम्भालने वाला एक अबीसिनियाई दास था। उसने दक्षिण में टोडरमल की भूमि व्यवस्था के आधार पर रैयतवाड़ी व्यवस्था लागू की तथा भूमि को ठेके पर देने की प्रथा समाप्त की।
- मलिक अम्बर को दक्षिण का टोडरमल कहा जाता है।

**15. [b]**

**व्याख्या :-**

- 1919 ई. के भारत शासन अधिनियम द्वारा प्रान्तों में द्वैध शासन की स्थापना हुई थी।
